कुलसचिव कार्यालय
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ–226007

संदर्भ संख्या : R/1652 /सम्ब.अनु./2019

दिनांक : 26/12/19

कार्यालय–ज्ञाप

सूच्य है कि उच्च शिक्षा अनुभाग–2 के पत्र संख्या : 905/सत्तर–2–2019–16(11)/2017, दिनांक 04.12.2019 द्वारा नवीन महाविद्यालयों/संस्थानों को खोलने/पूर्व से संचालित महाविद्यालयों को नये विषयों की एन0ओ0सी0 दिये जाने का ऑन लाईन आवेदन किये जाने हेतु प्राविधान किया गया है। उ0प्र0 शासन द्वारा उक्त पत्र के माध्यम से दिनांक 10.01.2020 अन्तिम तिथि निर्धारित करते हुए अवगत कराया गया है कि ऑनलाइन एन0ओ0सी0 का साफ्टवेयर एन0आई0सी0 द्वारा विकसित कर दिया गया है, जिसका URL-https://henoc.upsdc.gov.in है तथा यह निर्देश भी दिया गया है कि–

"दिनांक 01.12.2019 से उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा एन0ओ0सी0 का आवेदन ऑफलाइन नहीं लिया जायेगा, एन0ओ0सी0 के सभी आवेदन ऑनलाइन ही स्वीकार किये जायेंगे। यदि किसी महाविद्यालय द्वारा दिनांक 01.12.2019 से पूर्व एन0ओ0सी0 का आवेदन ऑफलाइन कर दिया गया है तो उनके द्वारा भी एन0ओ0सी0 का आवेदन ऑनलाइन किया जायेगा।"

अतः इस सम्बन्ध में सूचित करने का निदेश हुआ है कि नवीन महाविद्यालयों/संस्थानों को खोलने/पूर्व से संचालित महाविद्यालयों को नये विषयों की एन0ओ0सी0 दिये जाने हेतु उपरोक्तानुसार ऑन लाईन आवेदन ही विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार किये जायेंगे। इस हेतु मा0 कुलपति महोदय द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव (सम्बद्धता) को विश्वविद्यालय स्तर पर कार्यवाही के सम्पादन हेतु नामित किया गया है।

(वी0पी0 कौशल)
उप कुलसचिव
कृते कुलसचिव

संख्या : R/1652 दिनांक : 26/12/19

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सेक्टर–एम, आशियाना, लखनऊ।
3. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि नोटिस को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं समस्त महाविद्यालयों को ई–मेल पर प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. उप कुलसचिव (सम्ब.)।
5. गार्ड फाईल।

(वी0पी0 कौशल)
उप कुलसचिव
कृते कुलसचिव